उच्च रक्तचाप दिवसः जागरूकता फैलाने के लिए वैज्ञानिक आधारित गतिविधियां आयोजित

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में विजेता विद्यार्थियों के साथ कुलपति, (दाएं) इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदर्शनी लगाते विद्यार्थी। (मधवा)

रेवाड़ी, 18 मई (मधवा): इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरूकता फैलाने के लिए कुछ महत्वपूर्ण विज्ञान आधारित गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष डा. नवीन पिपलानी के प्रेरक उद्बोधन द्वारा छात्रों को उच्च रक्तचाप के कारणों और उनकी रोकथाम के बारे में जानकारी देकर किया गया।

इसके बाद भौतिकी विभाग के एसोसिएट प्रो., निदेशक, आई.पी.आर. डा. सुनील कुमार ने छात्रों को बताया कि हाइपरटेंशन से कैसे बचा जा सकता है।

कार्यक्रम में 3 प्रतियोगिताओं स्किट, रंगोली मेकिंग व मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का विषय 'वैज्ञानिक आधारित गतिविधि' था। नाटक प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. कर्ण सिंह, कर्मवति और मीनाक्षी थीं। निशा और गीतांजलि मॉडल मेकिंग और रंगोली प्रतियोगिता की निर्णायक थीं। टीम-सी स्किट प्रतियोगिता की पहली व टीम बी दूसरी विजेता टीम थी।

रंगोली प्रतियोगिता में मोनिका प्रथम, ईशा व सानिया द्वितीय, अंकित व कपिल तीसरे स्थान पर रहे। मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में रवि और स्नेह की टीम पहली विजेता टीम थी और मुस्कान और निखिल की टीम दूसरी विजेता टीम थी।

कुलपति प्रो. जे.पी. यादव ने छात्रों को बताया कि किस प्रकार रक्तचाप को नियंत्रित रखा जा सकता है, इसके लिए उन्होंने छात्रों को रोजाना योग और व्यायाम करने की भी सलाह दी। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को बधाई दी और प्रोत्साहित किया और विजेता टीम को पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया।

विभाग की अध्यक्ष डॉ. रश्मि पुंडीर ने सभी प्रतिभागियों और विजेता छात्रों को आशीर्वाद और बधाई दी।

उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए केमिकल सोसायटी की खंजाची सुश्री लक्ष्मी देवी एवं अन्य सदस्यों को बधाई एवं धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन छात्र उमेश व हर्ष ने किया।

GPS Map Camera
Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.240666°
Long 76.698485°
17/05/22 12:24 PM
GU library
IGU
Google

EVENT-1
SKIT COMPETITION
OH
H
Cl
GPS Map Camera
Meerpur, Haryana, India
6MRX+59P, Meerpur, Haryana 122502, India
Lat 28.24053°
Long 76.698441°
17/05/22 12:18 PM
IGU library
IGU
Google